# University in News on 27 March 2024

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# गर्मी की छुट्टियों में लविवि में सिखाई जाएगी फारसी

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। विदेशों में पर्शियन (फारसी) की बढ़ती मांग को देखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय गर्मी की छुट्टी में विशेष कक्षाएं शुरू करेगा। इसके लिए आठ सप्ताह का कोर्स डिजाइन किया गया है। इसके लिए पांच हजार रुपये फीस निर्धारित की है। जबकि पूरे सत्र के पाठ्यक्रम के लिए 7500 रुपये फीस तय की गई है।

लविवि के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विदेशों में पर्शियन की काफी मांग है। अमेरिका और इंग्लैंड समेत कई पश्चिमी देशों में दुभाषिये के तौर पर इनकी

### विदेशी विद्यार्थियों से होगी शुरुआत पांच हजार रुपये तय की गई है फीस

काफी मांग है। पर्शियन सीखने के लिए वे अरब देशों में जाने के बजाय भारत को वरीयता देते हैं। इसके तहत अमेरिकी स्टडी सेंटर के सहयोग से लविवि में एक सत्र का आयोजन किया गया था। विदेशी विद्यार्थियों को पर्शियन सीखने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए दो तरह के पाठ्यक्रम रखे गए हैं। पहले में आठ सप्ताह और दूसरे में पूरे सत्र की पढ़ाई है। इसकी मांग होने पर भारतीय विद्यार्थियों को भी इसमें दाखिला दिया जाएगा।

### फार्मेसी और दाबिर-ए-माहिर कोर्स की फीस भी तय

लविवि के वित्त समिति के मिनट्स के अनुसार, विदेशी विद्यार्थियों के लिए फार्मेसी और दाबिर-ए-माहिर पाठ्यक्रमों की फीस भी तय कर दी गई है। इसके तहत बीफार्मा की फीस 2300 डॉलर और दाबिर-ए-माहिर की फीस 600 डॉलर सालाना तय की गई है।

### ■ हॉबी कोर्स के रूप में शुरू हो सकते हैं भाषाओं के पाठ्यक्रम

लविवि समेत अन्य संस्थानों में भी भाषाओं के फुलटाइम कोर्स की मांग कम हुई है। ऐसे में गर्मी की छुट्टी में हॉबी कोर्स के रूप में इनकी पढ़ाई शुरू की जा सकती है। ऐसा होने पर लोगों को एक अतिरिक्त भाषा सीखने को मिलेगी साथ ही विवि को विद्यार्थी भी मिलेंगे।

### ■ खबर प्रकाशित होने के बाद अपलोड हुए वित्त समिति के मिनट्स

लखनऊ विश्वविद्यालय ने आखिरकार वेबसाइट पर वित्त समिति के मिनट्स अपलोड कर दिए। अमर उजाला ने वित्त समिति के मिनट्स न अपलोड होने का मुद्दा उठाया था। इसके बाद लविवि कुलसचिव डॉ. विनोद सिंह ने इसके लिए निर्देश दिया। अब जाकर मिनट्स अपलोड कर दिए गए हैं।

### ■ नई शिक्षा नीति करती है भाषाओं को बढ़ावा देने की बात

नई शिक्षा नीति 2020 में भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने की बात कही गई है। शिया समुदाय की अच्छी आबादी वाले लखनऊ शहर में कभी पर्शियन राजकीय कामकाज की भाषा थी। भाषाओं पर आधारित लघु अवधि के पाठ्यक्रम संचालित कर नई शिक्षा नीति की मंशा के हिसाब से काम किया जा सकता है।

## HINDUSTAN PAGE 7

# एलयू के 30 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ। एलयू के 30 विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। चयनितों को जल्द ही जॉइन करना है। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद चयनितों को स्थाई किया जाएगा।

एलयू में सेन्ट्रल प्लेसमेंट सेल (सीपीसी) की ओर से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया था। इसमें झीलहोच कंपनी प्लेंसमेंट के लिए कैंपस पहुंची थी। एमबीए और बीकॉम के कई विद्यार्थियों ने जॉब के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। कई चरणों के बाद कंपनी ने 30 छात्रों का चयन किया। सीपीसी की निदेशक प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि चयनितों को पहले ट्रेनिंग दी जाएगी।

## i-NEXT PAGE 5

# बीएससी होमसाइंस सम सेमेस्टर परीक्षाएं 23 से

LUCKNOW : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बी.एससी. होमसाइंस, सीएनडी (एनईपी) सम सेमेस्टर परीक्षाओं की प्रस्तावित समय सारिणी भी जारी कर दी है. इसके दूसरे सेमेस्टर (एनईपी) की परीक्षाएं 23 अप्रैल से आठ मई, चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 अप्रैल से चार मई तक और छठे सेमेस्टर की यह परीक्षाएं 23 अप्रैल से छह मई तक प्रस्तावित की गई हैं. परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से जारी सूचना के अनुसार प्रस्तावित समय सारिणी पर पांच अप्रैल तक सुझाव दिए जा सकते हैं.

# एलयू में 30 छात्र-छात्राओं का हुआ प्लेसमेंट

LUCKNOW : लखनऊ विश्वविद्यालय के सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 30 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है. सेल की निदेशक प्रोफेसर मधुरिमा लाल ने बताया कि इस बार झीलहोच कंपनी ने 30 विद्यार्थियों का चयन कर सूची जारी की है. इन सभी को पहले इंटर्नशिप/ ट्रेनिंग दी जाएगी. संतोषजनक ट्रेनिंग के बाद इनका प्लेसमेंट और सैलरी परफारमेंस के आधार पर तय होगा.

# बीएससी बाटनी की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 8 से

LUCKNOW : लखनऊ विश्वविद्यालय के बाटनी विभाग ने बी.एससी विषम सेमेस्टर प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथि जारी कर दी. छठे सेमेस्टर की यह परीक्षाएं आठ, नौ, 10 अप्रैल, दूसरे और चौथे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 15, 16 और 18 अप्रैल को होंगी.

# फीस जमा करने का मौका कल तक

LUCKNOW : लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से पीएच.डी के आठ और विषयों में सीट आवंटन किया गया है. इसमें विधि, समाज कार्य, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, गृह विज्ञान, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र और लोक प्रशासन विभाग विषय शामिल है. इन विषयों में चयनित अभ्यर्थियों को 28 मार्च तक फीस जमा करने का मौका दिया गया है.

## JAGRAN CITY PAGE III

# तीनों नए कानूनों के प्रशिक्षण के लिए बनेगी पाठ्यक्रम सामग्री

जासं, लखनऊ : आगामी एक जुलाई से प्रभावी होने वाले तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के लिए सभी पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए सरल और सुगम तैयारी से पाठ्यक्रय सामग्री (कोर्स मटीरियल) तैयारी की जाएगी। पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय की ओर से तीनों कानूनों की कोर्स सामग्री बनाने के लिए समिति का गठन कर दिया गया है। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि विभाग के प्रोफेसर अनुराग श्रीवास्तव, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर कुमार असकंद पांडेय और एमिटी विश्वविद्यालय के विधि विशेषज्ञ प्रोफेसर राजीव सिंह शामिल हैं।



हाल ही में केंद्र सरकार ने देश में तीन नए कानून लागू करने की घोषणा की है। इसके लिए प्रत्येक जनपद एवं इकाइयों में नियुक्त पुलिस कर्मियों को आनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण के लिए पाठ्यक्रय सामग्री को सरल और सुगम बनाने के लिए आडियो, वीडियो, पीपीटी एवं प्रिंटिंग सामग्री के रूप में तैयार किया जाएगा। साक्ष्य इकट्ठा करने की डिजिटल तकनीक, डिजिटल रिकार्ड का आनलाइन सत्यापन सहित कई जानकारियां बताई जाएंगी ताकि पुलिस डिजिटल रिकार्ड में प्रशिक्षित हो सके।

**हर पुलिस को मिलेगा प्रशिक्षण :** तीनों कानून का प्रशिक्षण कांस्टेबल से लेकर आइपीएस तक को दिया जाएगा। इनकी संख्या तीन लाख के पास आसपास है। लवि के प्रोफेसर अनुराग श्रीवास्तव सहित तीन सदस्यीय टीम भारतीय साक्ष्य अधिनियम की पाठ्य सामग्री तैयार करेगी। इसी तरह अलग अलग टीमों को अन्य दो कानून की पाठ्य सामग्री बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। यह पाठ्य सामग्री बनाकर प्रशिक्षण निदेशालय को सौंपी जाएगी। टीम ने इस पर काम शुरू कर दिया है।

**फीस जमा करने का मौका कल तक :** लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से पीएच.डी के आठ और विषयों में सीट आवंटन किया गया है। इसमें विधि, समाज कार्य, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, गृह विज्ञान, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र और लोक प्रशासन विभाग विषय शामिल है। इन विषयों में चयनित अभ्यर्थियों को 28 मार्च तक फीस जमा करने का मौका दिया गया है।

### परीक्षाएं 23 से

लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय ने बी.एससी. होमसाइंस, सीएनडी (एनईपी) सम सेमेस्टर परीक्षाओं की प्रस्तावित समय सारिणी भी जारी कर दी है। इसके दूसरे सेमेस्टर (एनईपी) की परीक्षाएं 23 अप्रैल से आठ मई, चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 अप्रैल से चार मई तक और छठे सेमेस्टर की यह परीक्षाएं 23 अप्रैल से छह मई तक प्रस्तावित की गई है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से जारी सूचना के अनुसार प्रस्तावित समय सारिणी पर पांच अप्रैल तक सुझाव दिए जा सकते हैं। (जासं)

### छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 30 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। सेल की निदेशक प्रोफेसर मधुरिमा लाल ने बताया कि इस बार झीलहोच कंपनी ने 30 विद्यार्थियों का चयन कर सूची जारी की है। इन सभी को पहले इंटर्नशिप/ ट्रेनिंग दी जाएगी। (जासं)

### प्रयोगात्मक परीक्षाएं आठ से

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के बाटनी विभाग ने बी.एससी विषम सेमेस्टर प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथि जारी कर दी। छठे सेमेस्टर की यह परीक्षाएं आठ, नौ, 10 अप्रैल, दूसरे और चौथे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 15, 16 और 18 अप्रैल को होंगी। (जासं)